15.31 hrs.

UNIVERSITY OF ALLAHABAD BILL, 2005

MR. DEPUTY-SPEAKER: The House shall now take up Item No.21.

THE MINISTER OF HUMAN RESOURCE DEVELOPMENT (SHRI ARJUN SINGH): I beg to move:

> "That the Bill to declare the University of Allahabad to be an institution of national importance and to provide for its incorporation and matters connected therewith or incidental thereto, as passed by Rajya Sabha, be taken into consideration."

Sir, with your kind permission, I would like to acquaint the hon. House that the University of Allahabad is one of the premier universities of the country. There was a time when it was referred to as the Oxford of the East. Its eminence lay both in the fact that it caters to a very large area of the country which today comprises of the States of Uttar Pradesh, Madhya Pradesh, Bihar, Rajasthan and some other parts of the country. It is also a fact that this University was, in fact, nurtured by great leaders of our country and first among them being Pandit Jawaharlal Nehru. His residence in Allahabad was hardly at a stone's throw from the University.

From earlier 1920s, Panditji was in close touch with the students, the alumnae and all those who held this University in high esteem. In fact, he frequently visited the University and addressed the gathering of students and teachers at the famed Vijayanagram Hall and the Students Union Hall. One of his most celebrated Addresses was at the Students Union Hall in 1938 under the auspices of the Historical Society of the University on the effects of British Rule in India.

Gradually, the University acquired very eminent teachers and over a period of decades, it became practically to symbolise the new national awakening in the country. Some time later, it was unfortunate that the University -- I would not say less celebrated -- certainly did not live up to the level to which it had arisen.

There has been a great demand from all corners of the country to restore the dignity and prestige of Allahabad University and make it a Central University. It is this objective which this Bill will achieve.

I may say that we are happy to report that a broad section of the people, who are old boys of this University, are people of eminence. It has been my proud privilege to consult all of them on what they feel should be the new nature of this University. With the broadest consultation and consensus, this Bill was introduced. Everyone - the teachers, various faculties and colleges - was given an opening and a right to express his opinion. It is this Bill which was introduced in the Rajya Sabha and passed two days ago. The same Bill I have brought to the Lok Sabha with the request that the House takes this into consideration and turn it into a law.

डॉ. राजेश मिश्रा (वाराणसी) : उपाध्यक्ष महोदय, मैं सब से पहले सरकार को और माननीय मानव संसाधन विकास मंत्री जी को बहुत-बहुत बधाई देना चाहता हूं। मैं इलाहाबाद विश्वविद्यालय विधेयक, 2005 के पक्ष में बोलने के लिये खड़ा हुआ हूं।

उपाध्यक्ष जी, इलाहाबाद विश्वविद्यालय को केन्द्रीय विश्वविद्यालय का दर्जा दिया जाये, इसकी मांग कम से कम पिछले 25-30 वर्षों से बहुत दृढ़ रूप से पूरे हिन्दुस्तान में, जहां भी शिक्षाविद् बैठते हैं या विश्वविद्यालय में पढ़ने वाले विद्यार्थी बैठते हैं, सब की तरफ से लगातार आवाज उठती रही है। हमने पिछली एन.डी.ए. सरकार के समय सुना था कि इस विश्वविद्यालय को केन्द्रीय विश्वविद्यालय का दर्जा दिया जा रहा है लेकिन उन्होंने सिर्फ कहा और वर्तमान यू.पी.ए. सरकार ने इसे कर के दिखा दिया है। इसलिये मैं सरकार को और माननीय मंत्री जी को बहुत-बहुत बधाई देना चाहता हूं।

उपाध्यक्ष महोदय, यह विश्वविद्यालय सन् 1887 में बना था। इतना प्राचीनतम विश्वविद्यालय शायद भारत में तो क्या पूरे विश्व में कहीं नहीं होगा जहां पर इस विश्वविद्यालय से पढ़े हुये वैज्ञानिक, शिक्षाविद् या समाज के विभिन्न क्षेत्रों में काम करने वाले लोग न गये हों। इस विश्वविद्यालय की सब से बड़ी विशेषता यह है कि यहां रिसर्चर्स पैदा हुये, हिन्दुस्तान के बड़े-बड़े राजनेता और समाजसेवी पैदा हुये और इस विश्वविद्यालय ने भूतपूर्व प्रधानमंत्रीगणों को भी पैदा किया। इस विश्वविद्यालय ने उसी संख्या में, उसी अनुपात में बड़े-बड़े ब्यूरोक्रेट्स को पैदा किया। मुझे आज यह कहते हुये खुशी हो रही है कि पूरे हिन्दुस्तान में या इस विश्वविद्यालय से पढ़े हुये विद्यार्थी होंगे, वे प्रसन्न होंगे।

उपाध्यक्ष महोदय, इस विधेयक का सब से अच्छा पक्ष यह है कि इस विश्वविद्यालय ने 11 महाविद्यालयों को आत्मसात् किया है। मैं माननीय मंत्री जी के संज्ञान में लाना चाहता हूं कि जैसा लोगों ने मुझे बताया है कि एक महाविद्यालय इसमें शामिल नहीं है लेकिन वह

सुनिश्चित नहीं है। कुलभास्कर नाम का महाविद्यालय, इलाहाबाद से 3-4 किलोमीटर की दूरी पर है।

उसके बारे में लोगों ने बताया कि शायद उस महाविद्यालय को इसमें इनक्लूड नहीं किया गया है। सत्यता की जानकारी मुझे नहीं है, मैं यह बात सिर्फ संज्ञान में ला रहा हूं कि वहां कमला नेहरू पोस्ट ग्रेजुएट मैडिकल इंस्टीटयूट तथा गोविंद वल्लभ पंत सोशल साइंसेज इंस्टीटयूट हैं, इन्हें उसमें इनक्लूड नहीं किया गया है। माननीय मंत्री जी के सुझाव में हमें एक शंका दिखाई देती है। मैं वाराणसी से निर्वाचित होकर आया हूं, वहां बनारस हिन्दू यूनिवर्सिटी है, जो एशिया की सबसे बड़ी यूनिवर्सिटी है। उसे केन्द्रीय विश्वविद्यालय का दर्जा प्राप्त है और वहां एक मैडिकल इंस्टीटयूट भी है। मैं उदाहरण के तौर पर बता रहा हूं कि उस मैडिकल इंस्टीटयूट की स्थिति यह है कि वह एच.आर.डी. मिनिस्ट्री से गवर्न होता है। चूंकि वह विश्वविद्यालय का एक हिस्सा है और उसका फाइनैन्स एच.आर.डी. मिनिस्ट्री करती है। लेकिन जो दूसरी तकनीकी सारी सुविधाएं हैं, वे उसे मैडिकल काउंसिल ऑफ इंडिया से प्राप्त होती हैं। इस तरह से उसकी गाइडलाइंस मैडिकल काउंसिल ऑफ इंडिया से भी गवर्न होती हैं और वह एच.आर.डी. मिनिस्ट्री के अंडर भी है। लेकिन इसमें एक दिक्कत यह पैदा होती है कि उस मैडिकल इंस्टीटयूट को तमाम दूसरी सुविधाएं यदि हैल्थ मिनिस्ट्री प्रदान करना चाहे तो उस स्थिति में यह कहते हैं कि यह हमारे अंडर नहीं आता है, इसलिए हम इसमें कुछ नहीं कर सकते। इस तरह की जो दुविधा की स्थिति पिछले दिनों दूसरे विश्वविद्यालयों में हुई है, उन्हें हम माननीय मंत्री जी के संज्ञान में लाना चाहते हैं कि इन सब बातों पर ध्यान दिया जाए और देखा जाए कि आखिर इसका क्या रास्ता निकल सकता है।

उपाध्यक्ष महोदय, विभिन्न विश्वविद्यालयों में एक दूसरा प्रावधान भी होता है, जो इलाहाबाद विश्वविद्यालय में भी किया गया है। उसके लोकतांत्रिक स्वरूप को बहाल करने के लिए वहां पर कोर्ट, एक्जीक्यूटिव काउंसिल, एकेडेमिक काउंसिल, बोर्ड ऑफ फैकल्टीज,

फाइनेन्स कमेटी तथा तमाम अन्य सारी कमेटियों का प्रावधान भी किया गया है। पिछले वर्षों में जब केन्द्र में एन.डी.ए. की सरकार थी तो एक दूसरा रूप इन विश्वविद्यालयों में देखा गया, वहां जितनी भी लोकतांत्रिक संस्थाएं थीं, उनके कुलपतियों ने तानाशाही प्रवृत्ति का परिचय देते हुए सारी लोकतांत्रिक संस्थाओं के चुनाव नहीं किये। इन संस्थाओं में लोगों को चुना नहीं गया या फिर इन संस्थाओं को भंग कर दिया गया। मैं उदाहरण के तौर पर माननीय मंत्री जी के संज्ञान में लाना चाहता हूं कि काशी हिन्दू विश्वविद्यालय में यूनिवर्सिटी की कोर्ट है, एक्जीक्यूटिव काउंसिल भी है, चूंकि उसे केन्द्रीय सरकार नोमिनेट करती है। लेकिन कोर्ट में जो लोग इलैक्ट होकर जाते हैं, जो पूर्व विद्यार्थी होते हैं, वे उन यूनिवर्सिटीज में इलैक्ट करते हैं और कोर्ट में मैम्बरों का चयन किया जाता है। हमें लगता है कि पिछले 30-40 सालों से वहां की कोर्ट में मैम्बरों को नहीं चुना गया था। यही स्थिति दूसरे विश्वविद्यालयों में भी पैदा न हो, इस पर भी ध्यान देने की आवश्यकता है। यूनिवर्सिटीज में कभी-कभी यह दिक्कत देखी गई है कि जब वाइस चान्सलर नोमिनेट कर दिये जाते हैं तो उस यूनिवर्सिटी में सरकार का सीधा कोई हस्तक्षेप नहीं हो सकता है, चूंकि वह ऑटोनोमस बॉडी होती है। इसलिए स्वायत्तता के नाम पर यूनिवर्सिटीज के अंदर जो कुलपति और दूसरे अधिकारी होते हैं, वे अपनी तानाशाही प्रवृत्ति उजागर करने का काम करते हैं। हम इसमें यह जोड़ना चाहते हैं कि छात्र संघ विद्यार्थियों द्वारा चुनी हुई संस्था होती है, जिसके माध्यम से विद्यार्थीगण विद्यार्थियों के हित की बात करते हैं। लेकिन बहुत से कुलपति ऐसे होते हैं जो पिछले 10-15 सालों से छात्र संघ, अध्यापक संघ, कर्मचारी संघ आदि संघों के चुनाव नहीं करवाते हैं और वे उन्हें डिसाल्व करने का काम करते हैं। इसका जीता-जागता उदाहरण पिछले वर्षों से काशी हिन्दू विश्वविद्यालय है और वह आज भी उसी स्थिति में है। हम माननीय मंत्री जी के संज्ञान में लाना चाहते हैं कि इस तरह की व्यवस्थाएं यूनिवर्सिटीज में होनी चाहिए कि जितना पारदर्शी हम या य़ू.पी.ए. की सरकार अपने को प्रदर्शित करती है या दिखाना

चाहती है, उसी तरह से यूनिवर्सिटीज का प्रशासन पारदर्शी होना चाहिए तथा इस तरह के जो एकेडेमिक या डेमोक्रेटिक इंस्टीटय़ूशंस हैं, उनमें चुनाव होते रहने चाहिए।

महोदय, इसके पहले कि मैं अपनी बात समाप्त करूं, मैं सरकार तथा एच.आर..डी. मिनिस्ट्री को इस बात के लिए बधाई देना चाहता हूं कि यू.पी.ए. की सरकार ने विगत 20-25 साल पुरानी हमारी मांग को पूरा किया है। मैं इसके लिए उन्हें धन्यवाद देकर अपना वक्तव्य समाप्त करता हूं।

PROF. BASUDEB BARMAN (MATHURAPUR): I thank you, Sir, for permitting me to take part in the discussion on the University of Allahabad Bill, 2005. I shall not be taking much time but let me put my point straight. Let me say that I support the Bill for its conversion into the University of Allahabad Act, 2005 to make the University an institution of national importance.

We may recall that the University of Allahabad, established in 1887, that is, 118 years ago from this date, is one of the oldest and most prestigious universities in the country and enjoys a national and international reputation as a premier institution of higher learning. A few minutes back, the hon. Minister of Human Resource Development, Shri Arjun Singh, was saying that Pandit Jawaharlal Nehru used to visit this campus. He had a very soft corner for this premier university. Now, regarding attainments, I shall not be going into the details. But, I should be allowed to refer at least to one point. We may remember, as an example, that one of its most brilliant faculty and one of our distinguished scientists, late Dr. Meghnad Saha, who happened to be a member of this august House in later years, did contribute immensely to advanced research in physics. While working as a professor of this University, his most outstanding contribution was in the realms of thermodynamics of ionisation of gas molecules in the upper atmosphere, leading to the foundation of today's Space Research in India and all over the world as well as in the field of atomic and nuclear science, which contributed towards our advancement in the

production of nuclear power in the country today. I would like to say that credit for such monumental works goes to a large extent to the University of Allahabad.

The University of Allabahad, as I have said, was established as a Central University but as per provision of the Government of India Act, 1919, it became a provincial university in 1921, and presently it is being governed by the Uttar Pradesh State University Act, 1973.

There have been demands for restoration of its Central University status ever since Independence. This move picked up momentum in 1990s and had the support of different Governments from time to time. In view of the persistent demands from various quarters for restoration of the Central University status, and keeping in view its glorious past, the excellence in academics and research demonstrated by it over the years, the Government felt it expedient to restore the Central University status of the University of Allahabad, and I support this move of the Government.

While supporting the Bill, I must appreciate the formulation of the objects of the University which, *inter alia,* states: - I would be very brief, and I am not going to state all the objects - the object to provide instructional and research facilities in such branches of learning as it may deem fit; to make provisions for integrated courses in the Humanities, the Social Sciences, the Basic and Applied Science and Technology in the educational programmes of the University; to take appropriate measures for promoting innovations in teaching learning process, inter-disciplinary and professional studies and research, removal of gender disparities and the digital divide, the application of knowledge to social advancement, national progress and human welfare; and to educate and train human resource for the development of the country.

The powers of the University have been well-defined for fulfilling the objects as given in the Bill through the authorities like the Court, the Executive Council, the Finance Bill, the Academic Council etc. and by the officers of the University, namely, the Vice-Chancellor, the Pro Vice-Chancellor, the Deans of Faculties, the Registrar, the Finance Officer, and others under the guidance of

the Chancellor and the overall supervision by the Visitor who is the President of India.

While supporting the Bill, I must not point out all the lacunae but I want to put on record one or two points. I shall be brief.

I would like to suggest that the Statute 9 on page 21 of the Bill may provide that all the five Deans of Faculties - arts, commerce, law, medicine and science - should be members of the Executive Council in lieu of only three Deans of Faculties to be selected by rotation as has been provided in the Bill. I am of the opinion that the presence of all the five Deans on the Executive Council would facilitate smooth running of the University administration. For example, in the first Executive Council, if the five Deans are not there, for two long years, the most important two faculties of Science and Medicine would not be there on the Executive Council, and, in the next two years, Arts and Law faculties would be eliminated. So, my suggestion is to include all the Deans on the Executive Council so that the administration of the University could be run smoothly.

Lastly, I would also suggest that presence of nine members should constitute quorum of the Executive Council. There should be nine members forming quorum for a meeting of the Executive Council, in lieu of seven, as has been provided in the Bill.

With these words, I once again support this Bill and commend that the Bill may be passed.

श्री शैलेन्द्र कुमार (चायल) : माननीय उपाध्यक्ष महोदय, आपने इलाहाबाद विश्वविद्यालय विधेयक 2005 पर बोलने का समय दिया है, इसके लिए मैं आपका बहुत-बहुत धन्यवाद ज्ञापित करता हूं । माननीय श्री अर्जुन सिंह जी इस बिल को सदन में लाए, इसके लिए उन्हें बधाई देता हूं । मेरा सौभाग्य है कि मैं इलाहाबाद का निवासी हूं और इलाहाबाद विश्वविद्यालय में पढ़ने का मुझे मौका मिला है। हमें बहुत दिनों से इंतजार था कि इस यूनिवर्सिटी को केंद्रीय यूनिवर्सिटी का दर्जा दिया जाए लेकिन कई सरकारें आईं, उन्होंने बड़े-बड़े वायदे भी किए, फिर भी इसे केंद्रीय यूनिवर्सिटी नहीं बनाया जा सका । पिछले वर्षों में जब राजग की सरकार थी तब वहां के प्रोफेसर आदरणीय जोशी जी ने बहुत प्रयास किए और ऐसे वक्त में प्रयास किया था कि जब लोक सभा भंग होने को थी लेकिन इसे केंद्रीय विश्वविद्यालय का दर्जा देने का राजनीतिक लाभ उठाने की योजना सफल नहीं हो पाई और राज्य सभा में भारी बहुमत से बिल गिर गया ।

महोदय, इस विश्वविद्यालय का अपना एक इतिहास रहा है । इसे पूर्व का आक्सफोर्ड कहा जाता है। इस यूनिवर्सिटी का 118 वर्ष का इतिहास रहा है । सन् 1887 में इसकी स्थापना हुई थी । सन् 1974 में कानून के तहत इसे राज्य विश्वविद्यालय का दर्जा मिला लेकिन जो इसकी भव्यता थी उसकी ओर बराबर लोगों की निगाहें रही हैं। इस विश्वविद्यालय में देश के महान लोगों ने शिक्षा ग्रहण की है । हमारे माननीय मानव संसाधन विकास मंत्री भी इसी विश्वविद्यालय में पढ़े हैं। यह सौभाग्य की बात है और भी कई विभूतियों को इस विश्वविद्यालय ने देश को दिया है और खास कर अंग्रेजों के समय में अंग्रेज इस यूनिवर्सिटी से खौफ खाते थे ।

15.54 hrs. (Shri Varkala Radhakrishnan in the Chair)

वहां से जो भी प्रतिभाशाली और प्रतिभावान नौजवान निकलता था वह बहुत ही आक्रामक होता था और उसे इस विश्वविद्यालय से प्राप्त शिक्षा से बहुत ताकत प्राप्त होती थी

सभापति जी, मैं इलाहाबाद विश्वविद्यालय के बारे में कुछ बातें माननीय मंत्री जी के ध्यान में लाना चाहता हूं। इस विश्वविद्यालय की जो यूनियन है, उसकी सांवैधानिक प्रक्रियाएं

जो पूर्व में थीं, वहीं रहनी चाहिए, उनमें कोई बदलाव नहीं होना चाहिए। चार वर्ष पहले उसके संविधान को बदल दिया गया था। मेरा निवेदन है कि उसे खत्म किया जाए।

महोदय, इस विश्वविद्यालय की यूनियन का अपने आप में इतना महत्व है कि यूनियन के प्रावधानों के अनुसार वहां का टीचर भी इस यूनियन का सदस्य बन सकता है। यह पहली ऐसी यूनिवर्सिटी है जो बोर्ड ऑफ ट्रस्टीज द्वारा गवर्न होती है। उसमें चार टीचर होते हैं, एक प्रेसीडेंट होता है और एक वर्तमान प्रेसीडेंट होता है। सम्बद्ध डिग्री कॉलेज, मैडीकल कॉलेज और इंजीनियरिंग कॉलेज को भी इसमें सम्बद्ध किया गया है, यह अपने आप में गौरव की बात है। आधुनिक युग के दौर में जहां इसमें प्रौफेशनल कॉलेज, इंजीनियरिंग कॉलेज को शामिल किया गया है, वहां मेरा निवेदन है कि और नए-नए कोर्सेस को भी इसमें शामिल करना चाहिए। चूंकि आज के प्रतिस्पर्धा के युग में हमें आगे बढ़ना है, इसलिए अन्य प्रौफेशनल कोर्सेस को भी इसमें इंट्रोडयूज करना चाहिए।

महोदय, यूनीवर्सिटी की जो कोर्ट है, उसकी मैम्बर ऑफ कौंसिल के चुनाव का भी संविधान में प्रावधान होना चाहिए। मैं अभी माननीय मंत्री जी को इस विधेयक के प्रारूप को दिखा रहा था और बता रहा था कि लोक सभा की ओर से जो विधेयक हमें दिया गया है उसमें इस विश्वविद्यालय को मोतीलाल नेहरू लिखकर आगे डैश लगाकर छोड़ दिया गया है। मेरा आग्रह है कि इसकी बजाय मोतीलाल नेहरू इंजीनियरिंग कॉलेज कर दिया जाए। यह पेज 34, कॉलम 4 पर प्रदर्शित है।

महोदय, वहां बहुत से ऐसे कॉलेज हैं, जिनका अपने आप में बडा महत्व है और जिनका बड़ा गौरवशाली और भव्य इतिहास रहा है। मेरी मांग है कि उन्हें इस विश्वविद्यालय में शामिल कर लिया जाए, तो बहुत अच्छा रहेगा। बी.एस. मेहता कॉलेज फार आर्ट्स एंड साइंस भरवारी, मेरे निर्वाचन क्षेत्र, जनपद कौशाम्बी में है। वह बहुत पुराना डिग्री कॉलेज है। उसकी बडी भव्यता है।

मेरी मांग है कि उसे इसमें शामिल कर लिया जाए। हमारे वाराणसी के माननीय सांसद ने अभी मांग की थी कि कुलभाष्य आश्रम विश्वविद्यालय, डिग्री कॉलेज है, उसे भी इसमें शामिल कर लिया जाए, तो मेरे ख्याल से बहुत बड़ी उपलब्धि होगी। मेरे निर्वाचन क्षेत्र के छलवा में एक ट्रिपल आई.टी. है। मैं चाहूंगा कि उसे भी इस यूनिवर्सिटी से सम्बद्ध कर दिया जाए ताकि इस केन्द्रीय विश्वविद्यालय की भव्यता और दर्जा अच्छी तरह से बढ़ सके।

महोदय, इलाहाबाद विश्वविद्यालय विधेयक, 2005 को पढ़ने से ऐसा प्रतीत होता है कि विश्वविद्यालय से तमाम कॉलेजों को जो सुविधाएं मिलनी चाहिए, वे नहीं मिल पाएंगी। मैं माननीय मंत्री जी से चाहूंगा कि ऐसा न हो और वे ऐसी व्यवस्था करें कि डिग्री कॉलेजों को ज्यादा से ज्यादा सुविधाएं इस विश्वविद्यालय से मिलें। इसलिए मेरा निवेदन है कि इस विश्वविद्याल को चार चांद लगाने में वे अपना योगदान दें।

महोदय, जहां तक उच्च शिक्षा संस्थानों की भव्यता बनाए रखने की बात है, मैं उससे सहमत हूं और मैं भी चाहता हूं कि उनकी भव्यता बनाए रखनी चाहिए। हमारे तमाम माननीय सदस्यों ने इस विश्वविद्यालय के प्रशासनिक ढांचे को मजबूत करने पर जोर दिया है, क्योंकि अभी तक तो यह केवल विश्वविद्यालय था, लेकिन अब इसके केन्द्रीय विश्वविद्यालय बनने के बाद इसका प्रशासनिक ढांचा और मजबूत होना चाहिए। राजनीतिज्ञों के जो अनावश्यक हस्तक्षेप इस विश्वविद्यालय में होते हैं, उन पर रोक लगाई जाए और सिविल सर्विसेस के पाठय़क्रम को भी इसमें जोड़ कर के अलग क्लासेस लगाई जाएं ताकि शेडय़ूल्ड कास्ट्स एंड शेडय़ूल्ड ट्राइब्स के जो विद्यार्थी सिविल सर्विसेस की परीक्षाएं दें, वे इन विशेष पाठय़क्रमों में शिक्षा और प्रशिक्षण लेकर परीक्षाओं में भाग ले सकें।

महोदय, हमारे अनेक माननीय सांसद साथियों ने कहा कि बहुत से डिग्री कॉलेजों के छात्रसंघों के चुनाव नहीं हुए हैं। मैं निवेदन करना चाहता हूं कि छात्रसंघों के चुनाव होने अनिवार्य

हैं। चुनाव इसलिए अनिवार्य हैं क्योंकि जो नौजवान होते हैं, वे यदि दिभ्रमित और दिशा-भ्रमित हो जाएं, तो उनमें एक आशा जगे और उन्हें ऐसा दिखाई दे कि वे अपनी समस्याओं को छात्रसंघों के माध्यम से प्रस्तुत कर सकेंगे।

सभापति जी, इन्हीं शब्दों के साथ, मैं श्रद्धेय अर्जुन सिंह जी को, उनके द्वारा इलाहाबाद विश्वविद्यालय को केन्द्रीय विश्वविद्यालय का दर्जा देने हेतु इलाहाबाद विश्वविद्यालय विधेयक, 2005 प्रस्तुत करने पर बधाई देते हुए, विधेयक का पुरजोर समर्थन करता हूं और अपनी बात समाप्त करता हूं।

16.00 hrs.

चौधरी विजेन्द्र सिंह (अलीगढ़) : सभापति जी, आपने मुझे इलाहाबाद विश्वविद्यालय, विधेयक, 2005 पर बोलने का अवसर प्रदान किया, मैं आपको बहुत-बहुत धन्यवाद देता हूं। सर्वप्रथम मैं माननीय मंत्री जी को धन्यवाद देना चाहता हूं, केवल इसलिए नहीं कि उन्होंने इस विधेयक को यहां प्रस्तुत कर के एक अच्छा काम किया है, बल्कि इसलिए भी कि पूर्ववर्ती सरकार ने इलाहबाद की पवित्रता की अनदेखी कर के उस विश्वविद्यालय को केन्द्रीय विश्वविद्यालय का दर्जा प्रदान करने का विधेयक राजनीतिक भावना से प्रेरित होकर पास नहीं होने दिया ।आज मानव संसाधन विकास मंत्री ने वहां की शिक्षा के प्रति समर्पित भाव को सरकार की मानसिकता को देखते हुए इस विधेयक को लाकर एक बहुत ही सराहनीय कार्य किया है, इसके लिए मैं उन्हें आपके माध्यम से बधाई देना चाहता हूं। इस विश्वविद्यालय की स्थापना 1887 में अंग्रेजी हुकूमत में हुई थी, जिस समय शिक्षा की पूरे देश में बहुत आवश्यकता थी। उस समय इलाहाबाद को ही क्यों इस विश्वविद्यालय के लिए चुना गया था, इसका एक बहुत लम्बा गौरवमय इतिहास है। इलाहाबाद एक ऐसा स्थान है, जहां इस देश की पावन सभ्यता का, दोनों गंगा और यमुना का मिलन होता है। वहां की पवित्रता की मानसिकता की एक धारा पूरे देश में निकलती है। सेक्यूलर भावना के तहत वहां के विश्वविद्यालय के छात्र पूरे देश और दुनिया में अपनी विद्वता के लिए और पवित्र इलाहाबाद के संगम के सभ्यता के दायरे में एक धूम मचाते हैं। वहां के विश्वविद्यालय ने एक से एक बड़ा शिक्षा के जगत में इतिहास रचा है। कई प्रधानमंत्री इस विश्वविद्यालय के छात्र बने - जैसे श्री वी.पी. सिंह जी और श्री चन्द्रशेखर जी। यहां सबसे बड़ी वेदना की बात यह है कि इससे पूर्व, एनडीए की सरकार में, डा. मुरली मनोहर जोशी जी, मानव संसाधन विकास मंत्री भी वहीं के छात्र थे, प्रोफेसर थे। वे किस्मत से यहां एचआरडी मंत्री भी बने थे, लेकिन उन्होंने वहां की महत्ता को नहीं समझा, जब कि यह विश्वविद्यालय बहुत समय पूर्व ही राष्ट्रीय विश्वविद्यालय की तमाम आवश्यकताओं की पूर्ति करता था और आज भी उन तमाम शर्तों को पूरा करता है।

सभापति महोदय, मैं आपके माध्यम से एक बात कहना चाहता हूं कि इस विश्वविद्यालय में सन् 1938 में स्टुडेंट यूनियन की एक तरीके से नींव पड़ी, उनका वहां एक तरीके से संविधान बना और उसमें आह्वान किया गया। अगर देश की राजनीति को एक अच्छे दायरे और एक मिसाल के रूप में कामयाब करना है तो हमें स्टुडेंट यूनियन के लिए भी संविधान बनाना होगा। इलाहाबाद को नेहरू की नगरी के रूप में जाना जाता है, इसी राजनैतिक द्वेष भावना से प्रेरित होकर एनडीए की सरकार ने इस विधेयक को अपने कार्य-काल में पास नहीं किया था। मैं मंत्री जी को बधाई देना चाहता हूं, जो इस विधेयक को यहां लाए हैं। इलाहाबाद में हाईकोर्ट है, पब्लिक सर्विस कमीशऩ आयोग का हैड आफिस है। वहां गंगा-यमुना का पावन संगम है और नैनी सबसे बड़ा औद्योगिक शहर है। इन तमाम चीजों की आवश्यकताओं को देखते हुए और इलाहाबाद विश्वविद्यालय की तमाम क्षेत्रीय एवं भौगोलिक स्थिति को देखते हुए, उसकी तमाम जितनी भी शर्तें हैं, उनकी पूर्ति यह करती है, उसे देखते हुए इस विधेयक को लाकर एक बहुत ही सराहनीय कार्य किया है।

सभापति महोदय, मैं मंत्री जी के संज्ञान में कुछ बिन्दुओं को लाना चाहूंगा। एनडीए की सरकार में भी यह मांग उठी थी, हेमवती नन्दन बहुगुणा जी बहुत ही सामाजिक और राजनैतिक नेता रहे हैं। उनके नाम से हेमवती नन्दन बहुगुणा राजकीय महाविद्यालय नैनी इलाहाबाद का विद्यालय है। उक्त महाविद्यालय इलाहाबाद की औद्योगिक नगरी नैनी में स्थित है, जिसकी आबादी लगभग पांच लाख है। यह उस क्षेत्र का एकमात्र महाविद्यालय है। उक्त महाविद्यालय इलाहाबाद विश्वविद्यालय के दस किलोमीटर के अंदर की परिधि में आता है। यह महाविद्यालय पूर्वांचल विश्वविद्यालय से सम्बद्ध है। इसकी स्थापना 1996 में हुई थी और उस समय उत्तर प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी की सरकार थी, इसलिए इसे डा. मुरली मनोहर जोशी जी ने बहुगुणा जी के नाम से कॉलेज होने के नाते, कांग्रेस के पूर्व नेता होने के नाते एवं मुख्य मंत्री होने

के नाते इस कॉलेज को विश्वविद्यालय से संबद्ध नहीं किया था। हेमवती नन्दन बहुगुणा जी इलाहाबाद विश्वविद्यालय छात्रसंघ के नेता के रूप में भी रहे हैं। वे 1942 के आंदोलन से लेकर, बाद तक कई बार जेल में गए और उन्होंने मुख्य मंत्री के रूप में यूजीसी का ग्रेड लाकर बहुत सारे सराहनीय कार्य किए। अध्यापकों के वेतन में क्रंतिकारी परिवर्तन किए। उनके नाम का यह विद्यालय, इलाहाबाद विश्वविद्यालय से ही सम्बद्ध होना चाहिए।

सभापति महोदय, इलाहाबाद के नैनी क्षेत्र से शहर से आने वाले छात्र-छात्राओं को भी वहीं पढ़ने की सुविधा मिल जाएगी। इसलिए वहां इसे राष्ट्रीय स्तर पर विश्वविद्यालय की मान्यता देना नितांत आवश्यक है। यह काम बहुत पहले होना चाहिए था, लेकिन उस सरकार की मानसिकता शिक्षा से समर्पित भाव में अच्छी नहीं थी, राजनैतिक द्वेष भावना से प्रेरित थी, आज उन तमाम बंधनों को तोड़ कर, जो विस्तृत विचारधारा का समर्पित भाव, उदघोष मंत्री जी ने किया है, इससे हमें आशा एवं विश्वास है कि 10-16 किलोमीटर की परिधि में आने वाले तमाम विद्यालयों को इस विद्यालय से संबंद्ध करेंगे और इलाहाबाद विश्वविद्यालय को राष्ट्रीय विश्वविद्यालय के रूप में, यह विधेयक पास करके एक गौरवान्वित स्थापित करेंगे।

सभापति महोदय, इन्हीं शब्दों के साथ मैं अपनी बात समाप्त करता हूं।

SHRI C.K. CHANDRAPPAN (TRICHUR): Sir, I support the University of Allahabad Bill, 2005. This is to declare the University of Allahabad to be an institution of national importance and to provide for its incorporation and matters connected therewith or incidental thereto. This Allahabad University has a big tradition. Everybody said about it. I need not repeat it.

Sir, it was established in 1887 and it had undergone a big change in 1921 when it became a State University. Now, it is under the Uttar Pradesh Universities Act, 1972. Though belated, it is a very good decision the Government is taking to declare this University as a Central University, as an

institution of national importance. But when I support this Bill, looking into the traditions of the University, I know that the hon. Minister himself has stated that Pandit Jawaharlal Nehru was associated with the University. He addressed the students and teachers of the University and all that. So, in regard to constitution of the court, I would submit that the representatives of the students are not elected. It is mentioned in para 8(1)(c) of the Schedule to the Bill that

> "One student from each group of subjects assigned to the Faculties who, having secured the highest marks in that group of subjects at the preceding degree examination of the University, is pursuing a course of study for a post-graduate degree in the same group of subjects in the University or in a college or institution maintained by the University or admitted to the privileges of the University. "

That means the students' representatives are selected to or nominated to the Court based on the marks they obtain in the examinations.

Sir, I am very sure that the hon. Minister will remember that it was Pandit Jawaharlal Nehru who inaugurated a students' organisation in this country, the All India Students Federation (AISF) in 1936 in Lucknow during the days of freedom struggle. He wanted the students to play a very important role in the freedom struggle, in the reconstruction of the country, to develop a scientific outlook and all that, for which he thought that the All India Students' Federation was necessary and he inaugurated it. Now, when we are declaring the University of Allahabad as an institution of excellence or an institution of national importance, there is no mention whether there will be University unions. Many speakers before me told this House that elections to the union are abandoned in the University. I want to know whether in future, students' union will be there. If the students' union will be there, then it is better that this legislation includes "a representative of the students' union or the representatives of the students' union would represent the students in the court" and not the student who got the highest marks.

At this time when we are discussing this Bill, I understand that from the Consolidated Fund of India, a lot of money will be given to the University in future. The University will get Rs. 95 crore and Rs. 105 crore in the next two

years. Also, the University will get more than Rs. 100 crore by way of Plan fund. All these are good things, but at the same time, I take this opportunity to remind the Minister that in the context of globalisation, education in our country is commercialised and is becoming a luxury of the rich. It has become a luxury of the rich. It is no more accessible to the children of common people.

Will the Government take some steps in order to ensure that the children of the common people will be able to educate themselves in the institutions of higher learning? Of course, they can educate themselves provided they have a lot of money. I would like the Government to make a statement on this aspect also. What is the Government going to do about this issue in the future?

I support this Bill, and I congratulate the hon. Minister for bringing this Bill. But I would like the hon. Minister to make a reference to the autonomy of the university; students' union; and students' representation in the University in future, while replying.

PROF. M. RAMADASS (PONDICHERRY): Thank you, Mr. Chairman, Sir, for giving me an opportunity to speak on this momentous Bill. This Bill is associated with Pandit Jawaharlal Nehru. Therefore, it would be very appropriate if I begin my comments on this Bill with the words of Pandit Jawaharlal Nehru, the architect of modern India. He said that :

> "If all is well with the Universities, then all will be well with the nation."

He signified it by saying that the Universities will have to act as a catalyst in the nation's development, and in the nation's reconstruction. Today, the Universities are contributing to the human resource development by imparting knowledge and arranging for research facilities. The students coming out of such Universities enter into different walks of life, namely, in industry, in agriculture, in trade and commerce, and all sectors of the economy are benefited.

The Kothari Commission, in 1964 itself, very beautifully remarked that the destiny of India is shaped in our classrooms. Therefore, it is in this context that we will have to think of the use of the National Universities or the Central Universities, and it is in this context that this Bill, which has been presented by the hon. Human Resource Development Minister, deserves all our appreciation. We congratulate him for bringing this Bill. I am saying this because today a State University is being converted into a Central University. It is being converted into a University of national importance for the betterment of this country.

What is the nature of this University? This is one of the oldest Universities, and it was established in the year 1887. It is the pride of the nation because it has produced scholars and scientists; it has produced professors and pandits; it has produced technocrats; and it has produced politicians and national leaders. Today, such a University truly deserves the recognition of a National University.

There are two or three important merits of this Bill. The hon. Minister has said that the Bill has been prepared after due and larger consultation with the academicians in the Universities. It means that the University has to be transparent because it has to take into account all the views of the academicians working in the University.

The second important merit of this Bill is that it is very comprehensive, and it is on the lines of the actual statutes of the other Central Universities working in this country. The addition of this University has taken all the important aspects of the statutes of various Central Universities into account.

